# गाय के गोबर से पेंट का निर्माण करेगा छत्तीसगढ़

## चर्चा में क्यों?

21 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की कि छत्तीसगढ़ में गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में गाय के गोबर से प्राकृतिक रंग के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में, कुमारप्पा नेशनल पेपर इंस्टीट्यूट (जयपुर), खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग ने गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण के संबंध में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रतिदिन 500 लीटर प्राकृतिक पेंट बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में सालाना 37.50 लाख लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन होने की उम्मीद है। अनुमानित कमाई हर साल करीब 45 करोड़ रुपए होगी।
- वर्तमान में प्राकृतिक पेंट की कीमत जीएसटी को छोड़कर 120 रुपए प्रति लीटर है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गोठानों में 2 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदे गए गोबर से वर्मी कंपोस्ट, सुपर कंपोस्ट और अन्य उत्पादों का उपयोग बिजली पैदा करने में किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-will-manufacture-paint-from-cow-dung